अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar, Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org

नारीलोक
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र
अप्रैल, 2025 अंक 321

## अध्यक्षीय आह्वान

प्रिय बहिनों,

**सादर जय जिनेन्द्र!**

**परम पूज्य, परम यशस्वी आचार्यश्री महाश्रमण जी** की भुज से अहमदाबाद की यात्रा सतत् प्रवर्द्धमान है। पूज्य प्रवर की अमृत देशना से जन मानस लाभान्वित हो रहा है। महापुरुषों से प्राप्त दिशाबोध जीवन में ऊर्जा, प्रेरणा, स्फूर्ति एवं शक्तिदायक होता है। चैत्र माह भी शक्ति का संचार करने वाला है। इस बार इस चैत्र माह के साथ-साथ अंग्रेजी के अप्रैल माह में कई पावन दिवस हमारे सम्मुख है। 6 अप्रैल को **266वां भिक्षु अभिनिष्क्रमण दिवस** एवं चैत्र शुक्ला नवमी राम नवमी भी है। तेरापंथ के अधिदेवता **आचार्य भिक्षु** के प्रति हम श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं एवं चैत्र नवरात्रा में शक्ति के संचरण की अनुभूति भी करते है। जैन धर्म के **24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2624वीं जन्म जयन्ती** भी इसी माह 10 अप्रैल को है। भगवान महावीर की तप साधना को हमने इतिहास में पढ़ा एवं सुना भी है। अनगिनत वज्र कष्टों को सहन कर भी भगवान डिगे नहीं अपितु अपनी साधना में गतिशील रहे। इसीलिए उन्हें वीर ही नहीं महावीर कहा जाता है। **आचार्यश्री महाप्रज्ञजी** का **16वां महाप्रयाण दिवस** भी 24 अप्रैल को है एवं **तीर्थंकर ऋषभ** के पारणे से संबंधित **अक्षय तृतीया** भी 30 अप्रैल को है और इसी दिन वर्षी तप का समापन भी होता है। इतिहास की इन सभी विरल विभूतियों को हम श्रद्धा से स्मरण कर अपनी आस्था को प्रगाढ़ बनाते है। शक्ति संवर्द्धन का यह माह हम सबमें नए जोश, नई उमंग एवं नए कृतित्व को उद्घाटित करे यही मंगल कामना है। शक्ति का संयोजन **POWER** के पाँच अक्षरों से सम्पादित होता रहे- **P- Perfect:** हम अपने दायित्व का निर्वहन कुशलता से करें। **O- Opportunity:** प्राप्त अवसरों को कर्त्तव्य पथ पर फलीभूत करते हुए सकारात्मक सोच के साथ अवसर का पूरा लाभ उठाएं। **W- Wisdom:** अपनी बौद्धिक क्षमता और प्रज्ञा का निरन्तर विकास करते रहे। **E- Energetic:** घर-परिवार, समाज एवं संगठन के कार्यों में पूरी ऊर्जा और जुनून के साथ सहभागिता दर्ज करवाएं। **R- Result oriented:** अपने लक्ष्य निर्धारित करें और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी शक्ति का नियोजन करें।

**बहिनों!** महिला जाति स्वयं में शक्ति, समृद्धि एवं बुद्धि स्वरूपा है। महिला की पहचान के साथ दुर्गा, लक्ष्मी एवं सरस्वती के पर्याय जुड़े हुए है। हमारा संगठन अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल भी शक्ति से आच्छादित- आध्यात्मिक, सामाजिक संगठन है। अन्यान्य विशेषताओं के साथ-साथ हम आध्यात्मिक शक्ति का आरोहण भी करे यह काम्य है। मंडल की स्थाई परियोजनाएं, गतिविधियाँ एवं आयोजन अध्यात्म से जुड़े हुए है और हमें अपनी आध्यात्मिक शक्ति का भी विकास करना है। नारी के नैसर्गिक गुणों को प्रतिष्ठित करना हमारा कर्त्तव्य है।

**बहिनों!** हम अपने आप को सौभाग्यशाली समझे कि हमने गौरवशाली जैन कुल में जन्म लिया है और अनुशासित, मर्यादित तेरापंथ धर्म संघ के हम अनुयायी है। महिला समाज के सक्रिय संगठन तेरापंथ महिला मंडल के हम सदस्य है। हमारा आचरण, पुरुषार्थ, कृतित्व एवं दायित्व हमारे विकास का हेतु बने, इन्हीं शुभ भावों के साथ-

शुभाकांक्षी
Sarita Daga
सरिता डागा

**लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं**

# प्रेक्षा ध्यान कल्याण वर्ष
## अप्रैल माह में करणीय कार्य
## प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर

आशा जो जीवन की सम्पदा है, उसे भ्रामक मरीचिका न बनने देना ।
भीतर की व्यथा ही जीवन का सत्य नहीं है, आत्म विश्वास की लौ को बुझने न देना ॥

* इस माह की कार्यशाला शाखा मंडलों को **Depression** जैसे गंभीर विषय पर आयोजित करनी है।
* यह कार्यशाला आप अपने क्षेत्र में **Offline** आयोजित करें।
* कार्यशाला का कालमान : 90 मिनट
* कार्यशाला का प्रारूप :

स्वागत वक्तव्य : 2 मिनट
कार्यशाला का उद्देश्य : 2 मिनट
योगासन : 15 मिनट
(1) शशांक आसन, (2) योग मुद्रासन, (3) ताड़ासन, (4) त्रिकोणासन, (5) मत्स्यासन, (6) सर्वागांसन

* प्राणायाम : 5 मिनट, (1) अनुलोम-विलोम, (2) उज्जाई
* वक्तव्य : 15 मिनट (मनोवैज्ञानिक डॉक्टर द्वारा)

विषय : डिप्रेशन क्या है और ये व्यक्ति के जीवन पर क्या प्रभाव डालता है?

नोटः अगर क्षेत्र में डॉक्टर उपलब्ध नहीं है तो प्रेक्षा प्रवाह ग्रुप में साइकैट्रिस्ट डॉ. अनीता गौतम की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, उसका उपयोग किया जा सकता है।

विषय : प्रेक्षा ध्यान और डिप्रेशन 15 मिनट (प्रेक्षा प्रशिक्षण अथवा चारित्रात्माओं द्वारा)

ध्यान का प्रायोगिक प्रशिक्षक :

पूर्व तैयारी : 3 मिनट
कायोत्सर्ग : 5 मिनट
तेजस केन्द्र प्रेक्षा : 6 मिनट
तेजस केन्द्र पर जप- 'अनंत वीर्येभ्यो नमः' (तीन मिनट बोलकर जप करें और तीन मिनट मानसिक जप करें)।
नाक के संधि स्थल पर दीर्घ श्वास प्रेक्षा : 4 मिनट
ज्योति केन्द्र प्रेक्षा : 3 मिनट
समापन विधि : विवेक सूत्र व शरण सूत्र का एक-एक बार उच्चारण : 3 मिनट
जिज्ञासा समाधान : 5 मिनट
संचालन : शेष समय

* विशेष ध्यानार्थ : (1) कार्यशाला में बैनर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। इसका **pdf** प्रेक्षा प्रवाह ग्रुप में उपलब्ध है।

(2) कार्यशाला चारित्रात्माओं के सान्निध्य में करें एवं प्रशिक्षण चारित्रात्माओं व प्रेक्षा प्रशिक्षकों द्वारा ही लिया जाए।
(3) आवश्यकता हो तो प्रेक्षा प्रवाह ग्रुप में उपलब्ध रिकॉर्डिंग का उपयोग किया जाये।
(4) नियमित उपस्थित रहने वाली बहिनों को प्रोत्साहित किया जाये।
(5) कार्यशाला में अन्य समाज की बहिनों एवं भाइयों को भी आमंत्रित किया जाये।
(6) आओ सब मिलकर आनन्द विभोर लहलहाती जिंदगी का स्वागत करें।

-संयोजिका श्रीमती वीणा बैद

---

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

## 'जैन तत्त्व विद्या की चाबी है- पच्चीस बोल'

तत्त्व विद्या है- आत्म विद्या। तत्त्वज्ञ श्रावक सहजता से कर लेता है हर समस्या का समाधान। तत्त्व विद्या के सूक्ष्म रहस्यों के ज्ञाता युगप्रधान आचार्य प्रवर श्री महाश्रमणजी का नववर्ष पर यह संदेश- 'समाज में आए जैन विद्या का नव उन्मेष।' पच्चीस बोल सब सीखें, समझे उसका अर्थ विशेष।' जीव-अजीव पुस्तक पढ़ कर तत्त्व ज्ञान में करें प्रवेश।

बहिनों, अप्रैल माह में सभी बहिनें 10 से 15 बोल सीखने-समझने और कंठस्थ करने का लक्ष्य रखें।

# तेरापंथ महिला मंडल : करणीय कार्य
# 'एक बूंद : एक सागर - जल संरक्षण'

पिछले माह 22 मार्च, 2025 को 'विश्व जल दिवस' के रूप में सम्पूर्ण विश्व में मनाया गया। यह दिन पुनः हमें याद दिलाता है कि जल संकट एक वैश्विक समस्या है और हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि जल संरक्षण में वह अपना योगदान दे।

अप्रैल का महीना जो ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ का महीना है, जल के महत्व को और गहराई से समझने का समय है। इसी संदर्भ में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल पूरे अप्रैल माह को 'जल संरक्षण माह' के रूप में मनाने का संकल्प लेता है, जिससे महिलाएं जल-संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएगी। महिलाएं, जो परिवार की रीढ़ है, जल संरक्षण में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। घरों में पानी का समुचित प्रयोग हो, युवा पीढ़ी को जल संरक्षण की शिक्षा मिले और समाज में जल संरक्षण की संस्कृति और अधिक विकसित हो- यह सब महिलाओं की सक्रिय भूमिका से ही संभव है।

**जल संरक्षण के कार्यक्रम को निम्न प्रारूप में संपादित करें :-**

**(A)** कार्यशाला- विषय : 'एक बूंद : एक सागर-जल संरक्षण'

- जल संकट की समस्या के समाधान में जैन धर्म के सिद्धान्तों की उपयोगिता।
- जल संरक्षण के कारगर टिप्स।
- महिलाएं रसोई से लेकर घर के हर कोने में कैसे कर सकती है, पानी की बचत।
- जल संरक्षण में महिलाओं के प्रभावी कदम

उपरोक्त बिंदुओं पर चारित्रात्माओं, विषय विशेषज्ञों, प्रबुद्धजनों से प्रशिक्षण एवं विचार-विमर्श।

**(B)** निबंध प्रतियोगिता - विषय : 'भविष्य में पानी या हमारा भविष्य पानी-पानी' (अधिकतम 2000 शब्द)।

शाखा मंडल स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित करके सर्वश्रेष्ठ एक निबंध को श्रीमती जयश्री जोगड़- 9028284801 को प्रेषित करे। चयनित विजेताओं को अभातेमम. द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

**(C)** जन जागरूकता अभियान : हर बूंद अनमोल

- जन सामान्य में जल के संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार।
- सार्वजनिक स्थानों तथा आम जन से संबंधित स्थानों- पार्क, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, शॉपिंग मॉल, मैट्रो स्टेशन, स्कूल, कॉलेज जैसे स्थानों पर पोस्टर्स, पैम्पलेट्स आदि का वितरण।
- प्रचार-प्रसार संबंधित पोस्टर और स्लोगन अभातेमम. की **Website** पर उपलब्ध है।
- सोशल मीडिया पर **#save water April** के तहत **Posters/Flyers/Slogans** का व्यापक प्रचार-प्रसार।

**(D)** जल सेवा : मानवता की सेवा-

जल संरक्षण और जल सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करते हुए गर्मी के मौसम में आमजन को पेयजल की उपलब्धता करवाते हुए वाटर कूलर लगवाने की पहल शाखा मंडलों को करनी है।

वाटर कूलर लगवाने के संभावित स्थान : शिक्षण संस्थान, तेरापंथ भवन, स्वास्थ्य केन्द्र
तथा यथा अपेक्षानुसार स्थान।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें : संयोजिका श्रीमती प्रभा घोड़ावत- 9302101268.

## शाखा मंडल के विशेष ध्यानार्थ

समस्त शाखा मंडल स्थानीय स्तर पर 15 जून, 2025 से 15 जुलाई, 2025 के मध्य अधिवेशन आयोजित कर चुनाव/मनाव सम्पन्न अवश्य कराएं। चुनाव/मनाव की प्रक्रिया पूर्णतया संवैधानिक हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अधिवेशन पश्चात नए अध्यक्ष एवं मंत्री के नाम, पते एवं मोबाइल नंबर सहित सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, मो. 9879633133 को अतिशीघ्र संप्रेषित करने का लक्ष्य रखें।

# कन्या मंडल : अप्रैल माह का करणीय कार्य

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ कन्या मंडल प्रस्तुत करती है- इतिहास की परिक्रमा-2.0, गाथा 16 सतियों की। संदर्भ पुस्तक - साध्वी निर्वाण श्रीजी द्वारा लिखित- 'आदर्श नारियाँ भाग 1 एवं 2'

पुस्तक में वर्णित जैन धर्म की सोलह सतियों में से किसी एक सती के जीवन की घटना या कहानी का नाट्य रूपांतर कर मंचीय प्रस्तुति देनी है।

**ध्यान रखने वाली बातें :**

- प्रत्येक क्षेत्र किसी एक महासती के जीवन प्रसंग पर प्रस्तुति दे सकेंगे (केन्द्र द्वारा नाम दे दिया जाएगा)।
- संभागी अपनी भूमिका के अनुसार वेशभूषा धारण करे।
- आवश्यक सामग्री (props) का उपयोग किया जा सकता है।
- कार्यक्रम की आयोजना तेरापंथ भवन में की जाए। रोचकता और आकर्षण बढ़ाने के लिए सुविधानुसार किसी उपयुक्त सभागार का चयन भी किया जा सकता है।
- सम्पूर्ण समाज के लोग इस प्रस्तुति के साक्षी बने।
- अन्य समाज के लोग भी यदि इस कार्यक्रम को देखने के इच्छुक हो, तो उनका भी स्वागत करें।
- अपनी प्रस्तुति का एक दिलचस्प शीर्षक बनाया जाए, जिसमें सती का नाम हो, जिसे अपने वीडियो के पहले पृष्ठ पर दर्शाएं।
- अपनी नाटिका को रिकॉर्ड करके youtube पर अपलोड करें।
- वीडियो की link एवं 4 फोटोज के साथ रिपोर्ट ग्रुप में प्रेषित करे।

**Book Aadrash Nari Part-1 and Part-2 available in Sambodhi App.**

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-

संयोजिका- सौम्य महनोत, +977 9808624862 (Nepal WhatsApp No.)

---

# Door to Door Connect (E-Directory)

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के इस कार्यकाल में **Door to Door Connect** के अंतर्गत आपके क्षेत्र में नए सदस्य अवश्य बने होंगे। **Membership Drive** के अंतर्गत इस कार्यकाल में बने नए सदस्यों को **E-Directory** में अपडेट करने का समय आ गया है।

- इस कार्यकाल में आपके क्षेत्र में जितने भी सदस्य बने है, उनके **Data** अभातेममं. द्वारा दिए गए **Excel sheet** प्रारूप के आधार पर ही भर कर भेजें। **Excel Sheet** आपको **WhatsApp Group** में प्रेषित कर दी गई है।
- अपनी सदस्य सूची **Website** पर चेक कर लें। पूर्व में आपके क्षेत्र में बने हुए सदस्य यदि किसी कारणवश आपके क्षेत्र के सदस्य नहीं रहे हैं तो उनके **data** भी **Excel sheet** में अवश्य भरें।
- परिसीमन के अंतर्गत विभाजित क्षेत्र अपना **data** नए सिरे से पूरी तरह तैयार कर **Excel sheet** में भरें।
- अगर आपके कोई सदस्य उनके निवासी क्षेत्र (मूल गाँव) में सदस्य है तो ही **Excel sheet** में भरें, अन्यथा उस **column** को रिक्त छोड़ दें।
- कृपया 15 अप्रैल, 2025 तक **data** भर के **Excel sheet** संयोजिका के नंबर पर **WhatsApp** पर भेज दें।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: संयोजिका- निधि सेखानी- 9879633133, मनीषा बोथरा- 8348822033.

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

द्वितीय चरण (ऑनलाइन मोड Zoom पर) की प्रतियोगिता एवं उनकी तारीख

| दिनांक | राज्य | विषय |
|---|---|---|
| 5 अप्रैल, 2025 | * कर्नाटक * छत्तीसगढ़ | महिलाओं का कैरियर के प्रति बढ़ता रुझान परिवार व्यवस्था के लिए साधक या बाधक? |
| 6 अप्रैल, 2025 | * तमिलनाडु * केरल * प. बंगाल * नेपाल * तेलंगाना * आंध्र प्रदेश | महिलाओं का कैरियर के प्रति बढ़ता रुझान परिवार व्यवस्था के लिए साधक या बाधक? |
| 7 अप्रैल, 2025 | * उत्तर प्रदेश * दिल्ली * हरियाणा * गुजरात * मध्य प्रदेश * पंजाब | क्या कामकाजी महिला की अपेक्षा एक गैर कामकाजी महिला अच्छी माँ साबित होती है? |
| 8 अप्रैल, 2025 | * महाराष्ट्र | क्या कामकाजी महिला की अपेक्षा एक गैर कामकाजी महिला अच्छी माँ साबित होती है? |
| 9 अप्रैल, 2025 | * राजस्थान | क्या संस्कार और आधुनिकता एक साथ निभाए जा सकते हैं? |
| 10 अप्रैल, 2025 | * बिहार * असम * उड़ीसा | क्या संस्कार और आधुनिकता एक साथ निभाए जा सकते हैं? |

संयोजिका- श्रीमती निधि सेखानी- 9879633133, डॉ. वंदना बरड़िया- 9828729792, +9779851029513
श्रीमती सरिता बरलोटा- 8817338250, श्रीमती रमण पटावरी- 9903518222

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की गूंज

8 मार्च, 2025। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में नारीत्व के उत्सव के कार्यक्रम को पूरे जोश और जुनून के साथ भारत और नेपाल के शाखा मंडलों द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें नारीत्व का उत्सव 'स्वरधारा' अपने पूर्ण उत्कर्ष पर पहुँचा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस विशेष आयोजन ने नारी शक्ति, सृजन, संघर्ष और सफलता को नमन करते हुए एक प्रेरणादायक मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रेरणा गीत की विविध विधाओं में शानदार प्रस्तुतियाँ देखने को मिली। भारत और नेपाल के लगभग 120 क्षेत्रों की बहिनों ने अपनी काव्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें से निम्न सर्वश्रेष्ठ 8 प्रस्तुतियों को अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया-

1. श्रीमती रचना हिरण, डूंगरी
2. श्रीमती सीमा कोठारी, भंडुप
3. डॉ. सारिका दुगड़, गुवाहाटी
4. श्रीमती रेणु कोठारी, राजाजीनगर (बंगलूरू)
5. श्रीमती नीतू बाफना, राजसमंद
6. श्रीमती महिमा चोरड़िया, उधना
7. श्रीमती श्रद्धा दुगड़, लुधियाना
8. श्रीमती पूजा आंचलिया, जयगाँव

कार्यक्रम के दूसरे चरण में 8 मार्च को आयोजित 'स्वरधारा' कवि सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में कवि-कवयित्रियों ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण काव्य पाठ से नारी सृजन, संघर्ष और सफलता के विविध रूपों को प्रस्तुत किया। सभी क्षेत्रों में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'प्रेरणा सम्मान' रहा, जिसमें साहित्य और काव्य के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाने वाली महिला विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता उन सभी बहिनों और शाखा मंडलों के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, जिन्होंने इसे एक यादगार स्वरूप दिया। सम्पूर्ण आयोजन का प्रचार-प्रसार भी शाखा मंडलों द्वारा प्रभावी रूप से किया गया, जिसमें यह संदेश व्यापक रूप से हर कोने तक पहुँचा। इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते है।

संयोजिका : CA तरुणा बोहरा- +8976601717, डॉ. वंदना बरड़िया- +9828729792, +9779851029513.

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित सेमिनार- 'हमारी संस्कृति हमारा परिवार'




8 मार्च, 2025, गाँधीधाम।

आचार्यश्री महाश्रमण जी के पावन सान्निध्य एवं साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी की पावन उपस्थिति में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में 8 मार्च- 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' कच्छ की औद्योगिक नगरी गाँधीधाम में तेरापंथ महिला मंडल द्वारा मनाया गया। जिसमें 'हमारी संस्कृति हमारा परिवार' विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। मंगल पाथेय प्रदान करते हुए आचार्यश्री महाश्रमणजी ने फरमाया कि परिवार संस्कारों का पारावार हो, संस्कारों की परम्परा को मजबूत बनाने में महिलाओं की मुख्य भूमिका हो सकती है। दुनिया में पुरुषों का जितना महत्व है, उतना ही महत्व महिलाओं का भी है। महिलाओं के संगठन अभातेममं. द्वारा भी अनेक गतिविधियों के संचालन के साथ-साथ तत्त्वज्ञान, तेरापंथ दर्शन, जैन स्कॉलर जैसी गतिविधि ज्ञान प्रदान करने के क्षेत्र में अच्छी सिद्ध हो सकती है। महिलाओं को अपनी आध्यात्मिक शक्ति का अहसास भी हो, उसका विकास करने का प्रयास भी हो एवं शक्तियों का आध्यात्मिक उपयोग भी होता रहे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला जाति के लिए चिंतन, प्रेरणा, कुछ नया और विशेष करने का संकल्प प्रदान करने वाला भी बने।

सेमिनार का प्रारम्भ गुरुदेव के मुखारविंद से नमस्कार महामंत्र द्वारा हुआ। साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी ने कहा कि भारतवर्ष में महिलाओं का सदैव ही विशिष्ट स्थान रहा है। वैदिक युग में भी महिलाएं शास्त्रार्थ प्रवीण थी और आज भी हमारे देश की राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एक महिला हैं। महिलाएं आज बहुत प्रगति कर रही हैं, कैरियर में ऊंचाइयाँ हासिल कर रही है, लेकिन बहिनों को अपने कैरियर के साथ-साथ अपने **Culture**, संस्कृति, परिवार के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा ने अपने वक्तव्य में नारी के कर्त्तव्य और अधिकारों का बोध करवाया। पूर्व महामंत्री रा.का.स. श्रीमती मधु देरासरिया ने अपने विचारों में पश्चिमी संस्कृति से बचने एवं बुजुर्गों के प्रति महिलाओं के विशेष दायित्व के प्रति जागृत किया। राष्ट्रीय कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी ने कविता के माध्यम से नारी की क्षमताओं का वर्णन किया।

कार्यक्रम में अभातेममं. गुजरात प्रभारी रा.का.स. श्रीमती नीतू बैद एवं रा.का.स. श्रीमती वर्षा लुणिया भी उपस्थित रहे। मध्याह्न में महिलाओं और कन्याओं की एक विशेष सार संभाल गोष्ठी का आयोजन अभातेममं. के कार्यसमिति सदस्यों के साथ हुआ, जिसमें स्थानीय गतिविधियों की जानकारी दी गई एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। गुजरात विधायक मालती बहन महेश्वरी की गरिमामय उपस्थिति रही और कार्यक्रम में प्रेरणा सम्मान कवयित्री सुश्री यश्वी शाह को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंघवी, मंत्री श्रीमती डिम्पल खटेड़ एवं सहमंत्री श्रीमती सरिता भंसाली तथा पूरी कार्यसमिति टीम का सहयोग रहा। कार्यशाला में लगभग 40 स्थानीय महिला संगठनों की 1000 से अधिक बहिनों ने भाग लिया।

# 'लक्ष्य' कार्यशाला का आयोजन

**7 मार्च, 2025, कोयंबटूर।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, कोयंबटूर द्वारा 'लक्ष्य' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभातेममं. के चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी द्वारा नमस्कार महामंत्र से किया गया। स्थानीय मंडल की बहिनों ने विमलनाथ प्रभु की स्तुति सुमधुर स्वागत गीतिका प्रस्तुति की। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू सेठिया ने आगंतुकों का स्वागत किया। तमिलनाडु प्रभारी एवं अभातेमम. की कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती अनीता बरड़िया द्वारा साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन किया गया और 'लक्ष्य' पर अपनी अभिव्यक्ति देते हुए कहा कि लक्ष्य हमारे जीवन की आधारशिला है तथा इस कार्यकाल के शुभारंभ से ही 'संस्कार सेतु' नाम से लक्ष्य निर्धारित कर सभी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान न्यासी श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि पारिवारिक, सामाजिक लक्ष्य निर्धारित हो ही– साथ ही आध्यात्मिक जीवन भी लक्ष्य पूर्ण होना चाहिए। साथ ही संघीय लक्ष्य भी पूर्ण सेवा, समर्पण और दायित्व बोध के साथ निभाना चाहिए।

द्वितीय सत्र में बहिनों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कन्या मंडल की बेटियों ने भी लक्ष्य विषय पर सुंदर नाटक की प्रस्तुति दी। कार्यशाला का कुशल संचालन सह मंत्री श्रीमती ममता पुगलिया एवं पूर्व मंत्री श्रीमती आरती रांका ने किया। आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती सुमन सुराणा ने किया।

**8 मार्च, 2025, तिरुपुर।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार 'लक्ष्य कार्यशाला' का आयोजन मुनिश्री हिमांशु कुमार जी एवं मुनिश्री हेमंत कुमार जी के सान्निध्य में तेरापंथ महिला मंडल, तिरुपुर द्वारा किया गया। अभातेमम. चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी व रा.का.स. श्रीमती अनीता बरड़िया की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रथम चरण में कार्यक्रम का प्रारंभ मुनिश्री के मुखारविंद से नमस्कार महामंत्र द्वारा हुआ। मंडल की बहिनों द्वारा प्रेरणा गीत का संगान तथा स्थानीय मंडल सदस्य श्रीमती रेखा सिंघवी द्वारा प्रमुखाश्री साध्वी विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन किया गया। ते.म.मं. तिरुपुर अध्यक्ष श्रीमती नीता सिंघवी ने सभी का स्वागत किया।

मुनिश्री हिमांशु कुमार जी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फरमाया– म– मननशीलता, हि– हिम्मतवाला, ला– लज्जाशीलता। जिस महिला में यह तीनों गुण पाए जाते है, वह महिला कभी भी अपने लक्ष्य से नहीं भटकती और ना ही परिवार को भटकने देती है क्योंकि बहिनें ही परिवार, समाज, राष्ट्र की मुख्य धूरी है। मुनिश्री ने फरमाया कि व्यक्तिगत, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ–साथ कुछ संघीय लक्ष्य भी होते है। मुनिश्री हेमंत कुमार जी ने फरमाया कि कई बार हम लक्ष्य बहुत बड़ा बनाते है लेकिन उस लक्ष्य तक पहुँच नहीं पाते क्योंकि हमारा उद्देश्य सही नहीं होता। जो व्यक्ति उद्देश्य के साथ जीते है उसके अनुसार अपना लक्ष्य बनाते हैं वे अवश्य अपनी मंजिल तक पहुँच जाते है।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निर्देशित स्वरधारा के अंतर्गत श्रीमती पूनम कोठारी, श्रीमती रेणु दुगड़, श्रीमती स्नेहा कोठारी, श्रीमती खुशबू दुगड़ एवं श्रीमती मंजू सेठिया ने सुंदर कविता प्रस्तुत की। तमिलनाडु प्रभारी अभातेमम. की रा.का.स. श्रीमती अनिता बरड़िया ने अखिल भारतीय महिला मंडल के आयामों एवं कार्यक्रम की जानकारी 'संस्कार सेतु' के माध्यम से कराई एवं बताया कि लक्ष्य कार्यशालाएं हमें अपने सपनों को ठोस रूप देने में सहायता करती है। श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने लक्ष्य विषय पर कहा– लक्ष्य को एक बार निर्धारित कर ले तो चाहे कितनी भी बाधाएं आये, उस पर अडिग रहे। संविधान के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी एवं सदन की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री श्रीमती प्रीति भंडारी ने किया एवं आभार ज्ञापन सह मंत्री श्रीमती श्वेता कोठारी ने किया।

लक्ष्य

# सिरसा, हरियाणा 'लक्ष्य' कार्यशाला

8 मार्च, 2025,

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में साध्वीश्री संयम प्रभाजी ठाणा-4 के सान्निध्य में एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा की उपस्थिति में 'लक्ष्य कार्यशाला' का आयोजन सिरसा, हरियाणा में हुआ। नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बहिनों द्वारा प्रेरणा गीत व मंगलाचरण के पश्चात स्थानीय मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता गोयल ने स्वागत वक्तव्य के साथ मंडल द्वारा निर्देशित कार्यों की जानकारी दी। पंजाब प्रभारी श्रीमती उषा जैन ने साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन किया। रा.का.स. एवं पंजाब प्रभारी श्रीमती नीतू गुजरानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक शक्तिशाली लक्ष्य हमें शून्य से बहुमूल्य बना सकता है। केवल ढाई अक्षर में समाहित यह शब्द अनंत संभावनाओं का सृजन कर सकता है। अंत में कविता के माध्यम से अपनी प्रस्तुति सम्पूर्ण की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा ने मंडल की चार मूलभूत परियोजनाओं, इसके अंतर्गत होने वाले कार्यों तथा संविधान के प्रति बहिनों को पूर्ण जानकारी दी एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस कार्यशाला में हिसार एवं फतेहाबाद के पदाधिकारीगण भी पधारे। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती शीला कौशिक ने अपने विचार प्रस्तुत किए। साध्वीश्री शशिकलाजी द्वारा मंगल उद्बोधन प्राप्त हुआ। अंत में मंत्री श्रीमती पिंकी गोलछा द्वारा आभार ज्ञापन किया गया। कार्यशाला में लगभग 70 महिलाओं की सहभागिता रही।

# Health and Happiness Session

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा **"Health and Happiness"** का सेशन 20 मार्च, 2025 को **Zoom** पर रखा गया, जिसमें 300 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति रही। इस सेशन में **Internationally renowned Nutrigenomics & Disease Reversal expert** एवं **TEDx speaker**, श्री करण कक्कड़ ने बहुत ही सरल एवं स्पष्ट तरीके से 10 हैल्थ टिप्स एवं 5 हैप्पीनेस टिप्स दिए। कार्यक्रम में नमस्कार महामंत्र अभातेममं. ट्रस्टी श्रीमती बिमला दुगड़ ने किया। आभार ज्ञापन कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा ने किया। कार्यक्रम का संचालन अभातेममं. रा.का.स. श्रीमती कविता आच्छा ने किया।

**हैल्थ टिप्स :**

1. रोजाना 2-3 फल खाएं।
2. रोजाना ड्रमस्टिक खाएं।
3. मैदा, दूध से बने उत्पाद, पैकेज्ड फूड और ऑयली फूड खाने से बचें।
4. रात 8 बजे से पहले खाना खाएं।
5. पेट को स्वस्थ रखने के लिए 12 घंटे का इंटरमिटेंट फास्टिंग करें।
6. लंच और डिनर के साथ सलाद खाएं।
7. चिया सीड, कद्दू के बीच, फ्लैक्स सीड्स आदि जैसे किसी भी तरह के बीज का सेवन करें।
8. ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में से सिर्फ दो बार पका हुआ खाना खाएं।
9. कैलोरी काउंटिंग न करें, पोषण पर ध्यान दें, कम खाना कोई समाधान नहीं है, सही खाना ही समाधान है।
10. चाय छोड़ें, इसकी जगह जीरा पानी पीएं।

    **जीरा पानी बनाने की विधि :** जीरा, तुलसी, पुदाना, सौंफ, इलायची और अदरक को उबालें पानी को छान लें और पी लें। अगर आपको डायबिटीज है तो ऊपर बताई गई चीजों के साथ मैथी दाना और भिंडी बीज भी मिला लें।

**हैप्पीनेस टिप्स :**

1. अपने विचारों और भावनाओं पर नियंत्रण रखें, अपना रिमोट कंट्रोल किसी को न दें।
2. जागने के तुरंत बाद और सोने से ठीक पहले 10 मिनट तक ध्यान का अभ्यास करें।
3. खुद से प्यार करें।
4. वर्तमान क्षण में जियें, अतीत या भविष्य के बारे में न सोचें। भविष्य की योजना बनाएं लेकिन उसे अपने वर्तमान को बर्बाद न करने दें।
5. दूसरों को माफ करें।

# जैन स्कॉलर परियोजना के पाँचवें बैच का शुभारंभ

19 मार्च, 2025

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा संचालित 'जैन स्कॉलर परियोजना' के पाँचवें बैच की प्रथम कार्यशाला का शुभारंभ श्रद्धेय मुनिश्री विजयकुमारजी के सान्निध्य में हुआ। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, संरक्षिका एवं योजना के प्रायोजक श्रीमती प्रकाश तातेड़, पूर्वाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद योजना की निदेशिका श्राविका गौरव श्रीमती मंजू नाहटा, उपनिदेशिका एवं ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सह संयोजिका श्रीमती विनिता बैंगानी उपस्थित थी।

मुनिश्री विजयकुमारजी ने गुरुदेव तुलसी का स्मरण करते हुए फरमाया कि आज महिलाएं गुरुदेव तुलसी की प्रेरणा से कहाँ से कहाँ तक पहुँच गई है। महिलाओं में ज्ञान का विकास उनके व्यक्तित्व को अलग पहचान दे रहा है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल इस यूनिक कोर्स का संचालन करके संघ की सेवा में योगदान दे रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने संभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतिभा नैसर्गिक होती है लेकिन प्रतिभा में निखार लाने के लिए अपेक्षित है उसे सही प्रशिक्षण मिले एवं सम्यक रूप से तराशा जाए। संभागियों के प्रति मंगल भावना प्रेषित करते हुए कहा कि सब अध्ययन में विशेष पुरुषार्थ करें एवं अपने आध्यात्मिक जीवन को उन्नत बनाएं। योजना की संपोषक श्रीमती प्रकाश तातेड़ ने बैच प्रदान कर सभी स्कॉलर्स को सम्मानित किया एवं शुभकामना प्रेषित की। निर्देशिका डॉ. मंजू नाहटा ने पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी स्कॉलर्स को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। सहनिदेशिका श्रीमती कनक बरमेचा ने संयोजकीय दायित्व निभाते हुए सभी का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पूर्वाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद, श्रीमती विनिता बैंगानी एवं ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा ने प्रशिक्षकों को बैच देकर सम्मानित किया एवं अभातेममं. की तरफ से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जैन स्कॉलर योजना के प्रायोजक के रूप में श्री मदन जी, श्रीमती प्रकाश देवी , श्री महेन्द्र जी, श्रीमती कांता देवी, श्री निर्मल जी, श्रीमती शर्मिला तातेड़ परिवार धानीन-मुम्बई द्वारा 25 लाख रुपए के उदार अनुदान हेतु हार्दिक आभार।

शासन गौरव एवं अभातेममं. की आध्यात्मिक पर्यवेक्षक साध्वीश्री कल्पलताजी ने कृपा करके कक्षा का निरीक्षण किया एवं सभी स्कॉलर्स को प्रेरणा पाथेय प्रदान किया। आपने फरमाया कि सभी स्कॉलर्स ने अच्छा पथ स्वीकार किया है। ज्ञान ग्रहण करना एवं ज्ञान बांटना निर्जरा का बहुत बड़ा हेतु है। आप सब एक लक्ष्य लेकर यहाँ आए हो। अतः लक्ष्य की पूर्ति हेतु काक-चेष्टा, बकध्यान, अल्पाहारी एवं स्वल्पनिद्रा की साधना करें, अप्रमत्त जीवन जीएं एवं श्रुताराधना में संलग्न रहे। आप इससे आंतरिक आनन्द को प्राप्त करेंगे।

जैन विश्व भारती में विराजित सभी चारित्रात्माओं का शुभ आशीर्वाद लेकर स्कॉलर बनने हेतु उपस्थित भाई-बहिन कृतार्थ भाव से अध्ययन में जुट गए। इस बैच में 41 बहिनें एवं 3 भाई पंजीकृत हुए। 17 से लेकर 70 वर्ष की आयु तक के व्यक्ति इससे जुड़े है। अभातेयुप. के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गौतमजी डागा ने महिला मंडल के इस प्रोजेक्ट के प्रति अपना अहोभाव प्रकट किया। अष्ट दिवसीय कार्यशाला में व्यवस्था संबंधी दायित्व कुशलता से संयोजिका, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा एवं सह संयोजिका श्रीमती विनिता बैंगानी ने संभाला। डॉ. मंजू नाहटा एवं श्रीमती कनक बरमेचा के निरीक्षण में प्रशिक्षक श्रीमती सुषमा आंचलिया, श्रीमती राजू दूगड़, श्री कमलेश रांका एवं श्री विकास गर्ग ने प्रशिक्षण दायित्व बखूबी निभाया। व्यवस्था में ऑफिस इंचार्ज श्री सुनील महतो एवं सभी कर्मचारियों का सहयोग भी मिला।

दिनांक 27 मार्च से 29 मार्च, 2025 तक चौथे बैच का परीक्षा सत्र चला। चौथे बैच के 17 भाई-बहिनों की परीक्षाएं ली गई एवं निदेशक, उपनिदेशक और सभी प्रशिक्षकों की उपस्थिति में यह परीक्षा सत्र सानन्द सम्पन्न हुआ। 17 जैन स्कॉलर चौथे बैच के तैयार होने के साथ अब तक 72 स्कॉलर बन चुके हैं। गुरुदेव की असीम कृपा से आगे से आगे योग्य व्यक्ति इस पाठ्यक्रम से जुड़ रहे हैं।



## एक मुलाकात विशिष्टजन के साथ

जैन विश्व भारती, लाडनूं में पदार्पण पर राजस्थान के राज्यपाल माननीय हरिभाऊ बागड़े से अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा और महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने भेंट की एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर महामहिम का सम्मान किया।

लक्ष्य

# 'लक्ष्य कार्यशाला'

**31 मार्च, 2025, वापी।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, वापी द्वारा संस्कार भारती स्कूल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में लक्ष्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ तत्पश्चात मंडल की नवयुवती बहिनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्थानीय महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती एकता कच्छारा द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने लक्ष्य के बारे में बताते हुए कहा कि हर किसी के जीवन में कोई न कोई लक्ष्य तो जरूर होना चाहिए व अर्जुन का उदाहरण देते हुए विषय को स्पष्टता से समझाया। मंडल की बहिनों द्वारा एक रोचक नाटिका की प्रस्तुति भी दी गई।

पूर्व महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने संस्था संचालन के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला, राष्ट्रीय सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने चार योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गुजरात प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना ने साध्वी प्रमुखाश्रीजी का संदेश वाचन किया। रा.का.स. श्रीमती राखी बैद ने संस्था में सौहार्दपूर्ण वातावरण कैसे रखे एवं रा.का.स. श्रीमती पूर्णिमा गादिया ने कृतज्ञता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जैन विश्व भारती के ट्रस्टी श्री राजेश दुगड़ ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मंडल की बहिनें, अन्य संस्था के पदाधिकारीगण एवं श्रावक समाज की अच्छी उपस्थिति रही। कार्यशाला का संचालन श्रीमती करुणा बागरेचा एवं आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती दीपिका भंडारी द्वारा किया गया।

**31 मार्च, 2025, डूंगरी।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में महिला मंडल, डूंगरी द्वारा 'लक्ष्य- एक उड़ान मंजिल की ओर' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि अभातेममं. अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के साथ सह मंत्री श्रीमती निधि सेखानी, पूर्व महामंत्री श्रीमती श्रीमती मधु देरासरिया, गुजरात प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना, रा.का.स. श्रीमती राखी बैद और श्रीमती पूर्णिमा गादिया सहभागी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामूहिक नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। तेरापंथ महिला मंडल की बहिनों द्वारा प्रेरणा गीत का संगान किया गया।

महिला मंडल की मंत्री एवं सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं पूरी टीम का सम्मान किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रचना हिरण ने स्वागत वक्तव्य के द्वारा अपने भाव व्यक्त किए। तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा लक्ष्य कार्यशाला के विषय में बताते हुए कहा- घर-परिवार, समाज एवं संस्था की जिम्मेदारियों में सामंजस्य बिठाते हुए हमें आगे बढ़ना चाहिए। हम जो भी कार्य करें, उसके लक्ष्य का निर्धारण कर कार्यक्रम को सम्पादित करने का प्रयास करे ताकि हम सफल हो सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि डूंगरी मंडल क्षेत्र छोटा है पर प्रत्येक कार्य पूरी निष्ठा से सम्पादित करता है। चाहे वो अध्यात्मिक कार्य हो या सामाजिक। आप यूं ही आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य तक पहुँचो। पूर्व महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने कहा कि पिछले साल भी मंजिलें कार्यशाला के समय हमारा आना मुमकिन नहीं हो पा रहा था। खूब बारिश थी, फिर भी इतना दृढ़ संकल्प था मंडल का कि हमें आना पड़ा और प्रेरणा दी, हर बहन आगे बढ़े और अपनी क्षमता को पहचाने और लक्ष्य तक पहुँचे। अभातेममं. सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने कहा कि आप इसी तरह कार्य करते रहे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करते रहे। तत्पश्चात मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रचना द्वारा अपने कार्यों एवं किस तरह अपने लक्ष्य तक पहुँचे वो बताते हुए कहा कि केन्द्र के हर एक निर्देश का तेमम. डूंगरी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य को संपादित करती है।

कार्यशाला में उपस्थित अतिथिगण- सरपंच प्रीति बेन पटेल, धारा सभ्य शीतल बेन, बीजेपी महिला मंडल मोर्चा अध्यक्ष प्रवीना बेन पटेल, ASI जयश्री बेन पटेल, पूर्व शाला प्रिंसिपल भरत भाई, श्री मांगीलाल हिरण एवं दीप्ति बेन स्कूल टीचर सभी का स्थानीय मंडल द्वारा स्वागत किया गया। आभार ज्ञापन श्रीमती कांता दक द्वारा किया गया।

# संगठन यात्रा

शाखा मंडल के सार-संभाल की दृष्टि से अभातेममं. प्रतिनिधि मंडल का संगठन यात्राओं का क्रम इस प्रकार रहा:

### * पश्चिम बंगाल *

प्रभारी : श्रीमती संगीता बाफना, श्रीमती अनुपमा नाहटा

2 जुलाई, 2024- दुर्गापुर, गुस्करा, सैंथिया
3 जुलाई, 2024- बरहमपुर, बेलडांगा
9 जुलाई, 2024- बेहाला
13 जुलाई, 2024- साउथ हावड़ा
15 जुलाई, 2024- मालदा, रायगंज, दलखोला, इस्लामपुर
16 जुलाई, 2024- दिनहट्टा, कूचबिहार, अलीपुरद्वार
17 जुलाई, 2024- जलगांव, फालाकाटा, धूपगुड़ी
18 जुलाई, 2024- चगड़ाबांधा, माथाभांगा
24 जुलाई, 2024- अगरतला
30 जुलाई, 2024- उत्तर हावड़ा, बाली-बेलुड़, रिसड़ा
1 अगस्त, 2024- लिलुआ, उत्तरपाड़ा, हिन्दमोटर
5 अगस्त, 2024- टॉलीगंज
7 अगस्त, 2024- मध्य कोलकाता
8 अगस्त, 2024- सिलीगुड़ी
20 अगस्त, 2024- पूर्वांचल कोलकाता
21 अगस्त, 2024- साउथ कोलकाता
11 नवम्बर, 2024- दार्जिलिंग
12 नवम्बर, 2024- जलपाईगुड़ी

विशेष उपस्थिति : संरक्षिका श्रीमती तारा देवी सुराना, ट्रस्टी श्रीमती कल्पना बैद, श्रीमती ज्योति जैन, परामर्शक श्रीमती लता गोयल, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, कन्या मंडल सहप्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा, रा.का.स. श्रीमती मनीषा बोथरा

### * छत्तीसगढ़ *

प्रभारी : प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा

5-6 जुलाई, 2024 भिलाई, दुर्ग, राजनांदगाँव, जगदलपुर

### * असम *

प्रभारी : श्रीमती रंजू लूनिया एवं श्रीमती सुचित्रा छाजेड़

18 नवम्बर, 2024 खारूपेटिया, ढेकियाजुली, तेजपुर और नौगांव।
9 जनवरी, 2025 ग्वालपाड़ा, किश्नोई, बरपेटा रोड, बोंगाईगांव- नॉर्थ एवं साउथ

### * ओड़िसा *

प्रभारी : श्रीमती इंदिरा लुणिया

16 अगस्त, 2024 कांटाबांजी, तुषरा, बलांगीर, रामपुर (पटनागढ़), बेलपाड़ा
17 अगस्त, 2024 भवानीपटना, जूनागढ़, केसिंगा, टिटिलागढ़, सैंताला
18 अगस्त, 2024 सिंधिकेला, बगोमुण्डा
20 अगस्त, 2024 कटक

विशेष उपस्थिति: श्रीमती सरिता बरलोटा एवं पूर्व रा.का.स. श्रीमती स्मिता जैन

17 जनवरी, 2025 भुवनेश्वर

विशेष उपस्थिति: राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल

### * उत्तर गुजरात *

प्रभारी : श्रीमती नीतू बैद, श्रीमती चाँद छाजेड़

2 जुलाई, 2024 अंकलेश्वर, वड़ोदरा, खेड़ा
3 जुलाई, 2024 खेड़ब्रह्मा, भिलोड़ा, विजापुर, माणसा
18 जुलाई, 2024 अहमदाबाद
29 जुलाई, 2024 गाँधीधाम, भुज (कच्छ)
31 जुलाई, 2024 अमराईवाड़ी
8 अगस्त, 2024 पालनपुर, डीसा

विशेष उपस्थिति : श्रीमती वर्षा लूणिया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी

### * मारवाड़ संभाग (राजस्थान) *

प्रभारी : रा. उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, श्रीमती विनीता बैंगानी, श्रीमती मीना ओस्तवाल

2 जनवरी, 2025 सरदारपुरा जोधपुर, जोधपुर जाटाबास, पाली
3 जनवरी, 2025 बालोतरा, बाड़मेर, बायतु, जसोल
4 जनवरी, 2025 पचपदरा, असाड़ा

### * थली संभाग (राजस्थान) *

प्रभारी : श्रीमती अलका बैद

15 दिसम्बर, 2024 छापर, सुजानगढ़, चाड़वास
16 दिसम्बर, 2024 राजलदेसर, चूरू, पड़िहारा

विशेष उपस्थिति : राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद

क्रमशः...

### ❉ महाराष्ट्र ❉

प्रभारी : श्रीमती निर्मला छाजेड़, श्रीमती संगीता चपलोत, श्रीमती अलका मेहता

| | |
|---|---|
| 17 जुलाई, 2024 | नासिक, मनमाड़, मालेगांव, शिरपुर |
| 18 जुलाई, 2024 | धूलिया, साकरी, पींपलनेर, दोंडाईचा |
| 19 जुलाई, 2024 | अमलनेर, शहादा, जामनेर, भुसावल |
| 12 अगस्त, 2024 | देउलगांव माही, लोनार, मेहकर |

प्रभारी : कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा, श्रीमती निर्मला चिंडालिया, श्रीमती जुली मेहता

| | |
|---|---|
| 24 जुलाई, 2024 | अंधेरी, विलेपार्ले, सांताक्रुज |
| 26 जुलाई, 2024 | खार, बांद्रा |
| 29 जुलाई, 2024 | दादर, दक्षिण मुम्बई |
| 31 जुलाई, 2024 | MDWS, कुर्ला, काजूपाड़ा |
| 3 अगस्त, 2024 | विरार, नालासोपारा |
| 6 अगस्त, 2024 | गोरेगांव, जोगेश्वरी |
| 7 अगस्त, 2024 | साइन– कोलीवाड़ा, चेंबूर, गोवंडी |
| 9 अगस्त, 2024 | घाटकोपर, विक्रोली, कांजुरमार्ग |
| 12 अगस्त, 2024 | ठाणे, मुलूंड, भांडुप |
| 14 अगस्त, 2024 | मुंब्रा, डोंबिवली, उल्लासनगर |
| 16 अगस्त, 2024 | बदलापुर, भिवंडी |
| 21 अगस्त, 2024 | वाशी, कोपरखेरने, ऐरोली |
| 22 अगस्त, 2024 | वसई, भायंदर, मीरा रोड |
| 23 अगस्त, 2024 | मालाड़, कामोठे, खारघर, सीबीडी |
| 30 सितम्बर, 2024 | दहिसर |
| 14 अक्टूबर, 2024 | कांदिवली |
| 31 जनवरी, 2025 | बोरीवली |

विशेष उपस्थिति: राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, संरक्षिका श्रीमती शांता पुगलिया, संरक्षिका श्रीमती प्रकाश देवी तातेड़, परामर्शक श्रीमती विमला नाहटा, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कुमुद कच्छारा

### ❉ तमिलनाडु ❉

प्रभारी : श्रीमती माला कातरेला, श्रीमती अनिता बरड़िया

| | |
|---|---|
| 17 जुलाई, 2024 | चैन्नई |
| 7 अगस्त, 2024 | कुन्नूर |
| 8 अगस्त, 2024 | तिरूपुर, कोयंबटूर |
| 9 अगस्त, 2024 | इरोड़, सेलम |
| 10 अगस्त, 2024 | मदुरै, शिवाकाशी |

विशेष उपस्थिति : नि. अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, श्रीमती दीपा पारख

### ❉ बिहार ❉

प्रभारी : श्रीमती सीमा बैद, श्रीमती मनीषा बोथरा

| | |
|---|---|
| 9 अगस्त, 2024 | किशनगंज, खुश्कीबाग, भट्टा मधुबनी, कटिहार, अररिया कोर्ट, भागलपुर, गुलाबबाग |

विशेष उपस्थिति: राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, श्रीमती अनुपमा नाहटा, श्रीमती संगीता बाफना, श्रीमती सुचित्रा छाजेड़, श्रीमती राखी बैद

| | |
|---|---|
| 1 दिसम्बर, 2024 | सुपोल, फारबिसगंज, अररिया आरएस |

### ❉ मेवाड़ संभाग (राजस्थान) ❉

प्रभारी : श्रीमती नीना कावड़िया, श्रीमती उषा सिसोदिया

| | |
|---|---|
| 4 जुलाई, 2024 | आसींद, लाछुड़ा, दौलतगढ़, बिजयनगर, गुलाबपुरा |
| 5 जुलाई, 2024 | राजाजी का करेड़ा, देवगढ़, गंगापुर |
| 12 जुलाई, 2024 | चित्तौड़गढ़, कानोड़, आकोला, फतहनगर, राशमी, पहुना |
| 13 जुलाई, 2024 | आमेट, भीम, दिवेर, केलवा, लावा सरदारगढ़, बिनोल |
| 27 जुलाई, 2024 | उदयपुर, नाथद्वारा, धोइंदा |
| 10 अगस्त, 2024 | कपासन, रेलमगरा, कांकरोली, राजनगर, पड़ासली, चारभुजा |
| 12 अगस्त, 2024 | भीलवाड़ा |

विशेष उपस्थिति: महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, श्रीमती मनाली चोरड़िया

| | |
|---|---|
| 23 अगस्त, 2024 | सायरा, सिसोदा, सेमड़, लाम्बोड़ी, रिछेड़, गजपुर, रावलिया |

## प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर

## Online Workshop on Zoom- 21 March-23 March, 2025

- विषय- जरूरी है **Depression** से मुक्ति, जगावें ध्यान से शक्ति **Meditate to Illuminate**
- स्वागत वक्तव्य : राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा
- कार्यशाला प्रारूप प्रकाश : श्रीमती वीणा बैद (रा. संयोजिका- प्रेक्षा प्रवाह)

✻ **Theory** प्रशिक्षण :

- **21st March, 2025: Dr. Anita Gautam, Psychiatrist, Jaipur.**
  **Sub.: What is depression and its Physical and Mental effects on a preson's life.**
- **22nd March, 2025: Dr. Mayoben Daruwala- Surat**
  विषय : प्रेक्षा ध्यान और अवसाद मुक्त जीवन।
- **23 March, 2025 :** वरिष्ठ प्रेक्षा प्रशिक्षक श्री राजेन्द्र मोदी, **C.A.**, इंदौर।
  विषय : **Keynote points for depression free life.**
- योग प्राणायाम प्रशिक्षण : प्रतिदिन श्रीमती अंजू कोठारी (प्रेक्षा प्रशिक्षक), कोलकाता
- प्रेक्षा ध्यान प्रयोग एवं मंत्र जप- प्रतिदिन
  श्रीमती वीणा बैद- (प्रेक्षा प्रशिक्षक), बंगलूरू
  संचालन - प्रतिदिन : श्रीमती अनुपमा नाहटा (रा.का.स., कोलकाता)

वर्कशॉप के **feed back** बहुत ही सकारात्मक रहे। प्रश्नोत्तरी **session** के अतिरिक्त लिखित **feed back** भी काफी अच्छी संख्या में मिल रहे है। आम होती जा रही इस बीमारी से बाहर निकालने में यह कार्यशाला बहुत उपयोगी है।

---

कन्या विकास योजना

## कन्या सुरक्षा स्तम्भ एवं बैंच का लोकार्पण

**31 मार्च, 2025, वापी।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, वापी द्वारा संस्कार भारती हाई स्कूल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में आचार्यश्री महाश्रमण कन्या सुरक्षा स्तम्भ का लोकार्पण किया गया। नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कन्या सुरक्षा स्तम्भ के साथ-साथ सरदार वल्लभ पटेल स्कूल, सरकारी हॉस्पिटल एवं संस्कार भारती हाई स्कूल आदि में कुल 5 बैंचेज का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैन विश्व भारती के ट्रस्टी श्री राजेश दुगड़ एवं समाज की अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। लोकार्पण कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सह मंत्री श्रीमती निधि सेखानी, पूर्व महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, गुजरात प्रभारी रा.का.स. श्रीमती श्रेया बाफना, रा.का.स. श्रीमती राखी बैद, श्रीमती पूर्णिमा गादिया भी सहभागी रही। स्थानीय मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रिंकु कच्छारा, मंत्री श्रीमती दीपिका भंडारी एवं मंडल की बहिनों का श्रम मुखर रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती करुणा बागरेचा ने किया।

**31 मार्च, 2025, डूंगरी।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, डूंगरी द्वारा 2 **Toilets** एवं 2 बैंचेज का लोकार्पण स्थानीय विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के साथ-साथ सह मंत्री श्रीमती निधि सेखानी, पूर्व महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, गुजरात प्रभारी रा.का.स. श्रीमती श्रेया बाफना, रा.का.स. श्रीमती राखी बैद एवं श्रीमती पूर्णिमा गादिया की उपस्थिति रही। स्थानीय मंडल की बहिनों ने अच्छा श्रम किया।

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

# श्रृंखलाबद्ध पौषध व्रत

माह फरवरी एवं मार्च में श्रृंखलाबद्ध पौषध व्रत में सभी क्षेत्रों ने उत्साह-उमंगपूर्वक सहभागिता दर्ज करवायी है। भविष्य में भी इसी रूप में उत्साह प्रदर्शित करते हुए अन्य शाखाएं भी इस महायज्ञ में अपनी आहूति देते हुए अध्यात्म की राह में प्रशस्त होंगे, ऐसा पूर्ण विश्वास है। सभी क्षेत्रों के प्रति खूब-खूब साधुवाद। श्रृंखलाबद्ध पौषध व्रत में संबद्ध होने वाली शाखाओं की सूची नीचे दी गई है।

श्रृंखलाबद्ध पौषध व्रत में आगामी अप्रैल व जून माह के तारीख आरक्षण हेतु **Google Form link:**
**https://forms.gle/R7C4NvSVARGA2XebA**

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें- संयोजिका: श्रीमती नीतू बैद, मो. 9924180371.

## श्रृंखलाबद्ध पौषध करने वाले क्षेत्रों की सूची-


| दिनांक | क्षेत्र | कुल पौषध | दिनांक | क्षेत्र | कुल पौषध |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 फरवरी, 2025 | सूरत | 20 | 1 मार्च, 2025 | सूरत | 16 |
| 2 फरवरी, 2025 | वापी | 7 | 2 मार्च, 2025 | झकनावदल एमपी | 2 |
| 3 फरवरी, 2025 | शिवाकाशी | 1 | 3 मार्च, 2025 | शिवाकाशी तमिलनाडु | 1 |
| 4 फरवरी, 2025 | अमराईवाड़ी | 1 | 4 मार्च, 2025 | जबलपुर | 4 |
| 5 फरवरी, 2025 | डीसा | 3 | 5 मार्च, 2025 | मेहकर | 3 |
| 6 फरवरी, 2025 | अहमदाबाद | 33 | 6 मार्च, 2025 | अहमदाबाद | 65 |
| 7 फरवरी, 2025 | कांकरोली | 4 | 7 मार्च, 2025 | कांकरोली | 3 |
| 8 फरवरी, 2025 | पतरां पंजाब | 1 | 8 मार्च, 2025 | डिफु असम | 3 |
| 9 फरवरी, 2025 | राजलदेसर | 2 | 9 मार्च, 2025 | कटक | 1 |
| 10 फरवरी, 2025 | उदयपुर | 7 | 10 मार्च, 2025 | पूना | 5 |
| 11 फरवरी, 2025 | साउथ हावड़ा | 9 | 11 मार्च, 2025 | छत्रपति संभाजी नगर | 4 |
| 12 फरवरी, 2025 | विजयनगर बंगलूरू | 7 | 12 मार्च, 2025 | रायपुर | 5 |
| 13 फरवरी, 2025 | कटिहार | 1 | 12 मार्च, 2025 | बंगलूरू, विजयनगर | 9 |
| 14 फरवरी, 2025 | सेलम | 2 | 13 मार्च, 2025 | उदयपुर | 7 |
| 15 फरवरी, 2025 | कोकराझार | 7 | 14 मार्च, 2025 | धुले | 2 |
| 16 फरवरी, 2025 | गंगापुर | 1 | 15 मार्च, 2025 | पिंपरी छिंदवाड़ | 3 |
| 17 फरवरी, 2025 | किश्नोई आसाम | 4 | 16 मार्च, 2025 | पतरां पंजाब | 1 |
| 17 फरवरी, 2025 | बालोतरा | 21 | 17 मार्च, 2025 | टी. दासरहल्ली | 5 |
| 18 फरवरी, 2025 | अंकलेश्वर | 9 | 18 मार्च, 2025 | दिनहटा | 5 |
| 19 फरवरी, 2025 | हैदराबाद | 17 | 19 मार्च, 2025 | हैदराबाद | 21 |
| 20 फरवरी, 2025 | उधना | 6 | 20 मार्च, 2025 | धूरी पंजाब | 2 |
| 21 फरवरी, 2025 | डूंगरी | 35 | 21 मार्च, 2025 | नाभा पंजाब | 1 |
| 22 फरवरी, 2025 | जलगाँव | 23 | 21 मार्च, 2025 | डूंगरी | 3 |
| 23 फरवरी, 2025 | दौलतगढ़ | 1 | 22 मार्च, 2025 | जलगाँव | 32 |
| 24 फरवरी, 2025 | पाली | 7 | 23 मार्च, 2025 | काठमांडू | 5 |
| 25 फरवरी, 2025 | बाड़मेर | 2 | 24 मार्च, 2025 | घुशकारा वेस्ट बंगाल | 4 |
| 26 फरवरी, 2025 | भुवनेश्वर | 12 | 25 मार्च, 2025 | बेलडागा वेस्ट बंगाल | 1 |
| 27 फरवरी, 2025 | बाली बैल्लूर | 2 | 26 मार्च, 2025 | खारूपेटिया | 1 |
| 28 फरवरी, 2025 | किशनगंज | 21 | 27 मार्च, 2025 | बाली बैलूर | 2 |
| 28 फरवरी, 2025 | टी. दासरहल्ली | 6 | 28 मार्च, 2025 | लोंगोवाल | 1 |
| | | | 29 मार्च, 2025 | मालदा वेस्ट बंगाल | 3 |
| | | | 30 मार्च, 2025 | कटिहार | 1 |
| | | | 31 मार्च, 2025 | बालोतरा | 15 |

नारीलोक प्रश्नोत्तरी

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## अप्रैल, 2025

**सन्दर्भ पुस्तक : तेरापंथ की 9 साध्वी प्रमुखाएं (पेज संख्या 267 से 293)**




### निम्न प्रश्नों के उत्तर दें

1. आचार्यश्री महाप्रज्ञ जी के शब्दों में- साध्वी प्रमुखा के व्यक्तित्व को विशिष्टता प्रदान करने वाला गुण कौनसा है?
2. तेरापंथ धर्मसंघ की तीसरी सदी के शुभारंभ के अवसर पर युगप्रधान आचार्यश्री तुलसी ने कौनसा कार्यक्रम प्रारंभ किया?
3. 'तीर्थंकर' पत्र के संपादक का नाम लिखें?
4. आज अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के बैनर तले कितनी महिलाएं महिला हितों की सुरक्षा में जागरूकता के साथ काम कर रही हैं?
5. 'आपकी सहिष्णुता को प्रणाम करता हूँ। आपकी सहिष्णुता को मापने का पैरामीटर हमारे पास नहीं है।' यह किसने कहा?
6. तेरापंथ इतिहास में ऐसे कौनसे मुनिश्री का नाम है जो संघ में श्रीवृद्धि का प्रतीक माना जाता है?
7. आचार्यश्री भारीमालजी ने धार्मिक ज्ञान-विज्ञान की दृष्टि से बालकों की अपेक्षा किस पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया?
8. दो प्रतिशत बुद्धि और कितने प्रतिशत परिश्रम का नाम है- प्रतिभा?
9. संघ महानिदेशिका साध्वी प्रमुखा ने स्वतंत्र रूप से सभी सेवा केन्द्रों की इक्यावन दिवसीय यात्रा की। इस यात्रा का क्या नाम रखा गया?
10. 'साध्वी प्रमुखा कनकप्रभाजी के कलम में और जुबान में सरस्वती का वास है।' यह किसने कहा?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. सभी साध्वियाँ अपने लक्ष्य में .................. सक्रिय रहते हुए स्वस्थ, समाधिस्थ- आत्मस्थ रहे, यह साध्वी प्रमुखाश्रीजी का सपना था?
12. .................. की भाषा में जो मन, वचन, कर्म से सकारात्मक होता है, अध्यात्म की भाषा में सोचें तो जिनके मन मस्तिष्क में समता का सूर्योदय हो जाता है, वह व्यक्ति सदा उन्नत जीवन जीता है।
13. आत्मा की सफाई के साधन हैं- प्रतिक्रमण, प्रतिलेखन, जप, स्वाध्याय, ध्यान आदि ..........................।
14. जो शारीरिक सेवा करता है सचमुच वह सेवाभावी होता है, किंतु जो व्यक्ति मानसिक एवं ..................... सेवा खुले दिल से करते हैं, वे विरलतम व्यक्तित्व ही होते हैं।
15. साध्वी प्रमुखाश्रीजी अपनी श्रुत संपदा की रक्षिता- रोहिणी बन सुरक्षा और ........................ दोनों करती रही।
16. अपने आपको कभी कमतर समझने वाली तेरापंथ समाज की आधी दुनिया .................. नारी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है।
17. कह सकता हूँ कि महाश्रमणी साध्वी प्रमुखा ने यह एक ऐसा कार्य किया है, जो बासवेल ने जॉनसन के लिए और महादेव भाई ने ............ के लिए किया था।
18. अध्यात्म तथा ज्ञान के अनमोल खजाने को प्राप्त करने का सीधा, सुगम और शक्तिशाली साधन है- .....................।
19. साध्वी प्रमुखाश्रीजी द्वारा सृजित यह दो पंक्तियाँ 'जय जय .........................., जय जय महाश्रमण' तेरापंथ धर्मसंघ में लाखों लोगों की जुबान पर थिरकने वाला लोकप्रिय घोष बन चुका है।
20. तेरापंथ की साध्वी- समाज प्रगतिशील, विनम्र, आचारनिष्ठ और गुरु दृष्टि का आराधक रहा है। यही इसकी ............ और यशस्विता का मूल आधार है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : संयोजिका : श्रीमती इन्दिरा लुणिया, कटक

Mob.: 9438368264, E-mail: luniaindira@gmail.com

Google Form submit करने की अन्तिम तिथि : 20 अप्रैल, 2025

Google Form Link : https://forms.gle/ymvyzv1tBfrHW1nk9

आर्थिक सहयोग हेतु विशेष आभार श्रीमती मोहिनी देवी-स्व. श्री बालचंद जी, मीताजी, जयसिंह जी चोरड़िया परिवार (बीदासर-मुम्बई)

### मार्च, 2025 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. अनुयोग द्वार | 2. सम्मेद शिखर | 3. कमलेश चतुर्वेदी | 4. निकाय व्यवस्था | 5. तेरह |
| 6. गंगाशहर | 7. दो | 8. साध्वी कनकप्रभाजी | 9. संयम वर्ष | 10. प्रश्नोत्तर लेखन |
| 11. सही | 12. गलत | 13. गलत | 14. सही | 15. सही |
| 16. गलत | 17. सही | 18. गलत | 19. गलत | 20. सही |

### मार्च, 2025 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रेरणा बाफना, बारडोली | 2. प्रीति बैद, बीरगंज, नेपाल | 3. निशा पुगलिया, कटक |
| 4. शिल्पा बच्छावत, दलखोला | 5. अरुणा सुराणा, जोधपुर | 6. अनिता भंसाली, पचपदरा |
| 7. पिंकी जैन, राजगांगपुर | 8. श्रीदेवी सेठिया, सिलचर | 9. हेमलता बरड़िया, श्रीडूंगरगढ़ |
| | 10. खुशबू बोहरा, उत्तर हावड़ा | |

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्राप्त अनुदान

## अनुदान सूची एवं प्रेरणा दाता

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संचालित 'जैन स्कॉलर परियोजना' के प्रायोजक के रूप में
**श्री मदन जी, श्रीमती प्रकाश देवी , श्री महेन्द्र जी, श्रीमती कांता देवी, श्री निर्मल जी, श्रीमती शर्मिला तातेड़ परिवार धानीन-मुम्बई**
द्वारा उदार अनुदान हेतु हार्दिक आभार।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | तेरापंथ महिला मंडल, नोएड़ा (भावना सेवा) | 1,00,000 |
| 2. | तेरापंथ महिला मंडल, दलखोला (भावना सेवा) | 51,000 |
| 3. | श्रीमती मधु श्री करण पारख, जयपुर | 21,000 |
| 4. | तेरापंथ महिला मंडल, जयपुर शहर (भावना सेवा) | 21,000 |
| 5. | तेरापंथ महिला मंडल, सैंथिया (भावना सेवा) | 11,000 |
| 6. | तेरापंथ महिला मंडल, गुस्करा (भावना सेवा) | 11,000 |
| 7. | तेरापंथ महिला मंडल, वापी (भावना सेवा) | 11,000 |
| 8. | श्रीमती किरण बाई आंचलिया, गंगाशहर (भावना सेवा) | 11,000 |
| 9. | तेरापंथ महिला मंडल, दिनहाटा (भावना सेवा) | 7,000 |
| 10. | तेरापंथ महिला मंडल, धूपगुड़ी (भावना सेवा) | 2,100 |

सभी अनुदानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार !

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं 341 306 (जिला- नागौर, राजस्थान)

श्री नारीलोक

**महामंत्री कार्यालय**
महामंत्री
नीतू ओस्तवाल
5-0-1&2, आर.सी. व्यास कॉलोनी,
सूर्यांश, मदर टैरेसा स्कूल के पास,
भीलवाड़ा-311001 (राज.)
मो.: 9257011205
secretary@abtmm.org

देखने हेतु
www.abtmm.org
www.facebook.com/abtmmjain/
https://bit.ly/abtmmyoutube

**कोषाध्यक्ष कार्यालय**
कोषाध्यक्ष
तरुणा बोहरा
203, 204, सांघवी एक्जोटिका,
मराठा कॉलोनी, दहिसर वेस्ट,
मुम्बई-400068
मो.: 8976601717
tarunajain365@gmail.com